भाग्य होम कॉलोनी के लोगों का फूटा गुस्सा, मेयर-विधायक ने सुनी समस्याएं

अवैध कॉलोनी, घटिया सीवरेज, सड़क, स्ट्रीट लाइट और पानी की किल्लत

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

राहों रोड स्थित भाग्य होम कॉलोनी (वार्ड नंबर 7) के निवासियों ने अपनी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर प्रेस वार्ता कर कॉलोनाइजर पर गंभीर आरोप लगाए।
कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी, अवैध निर्माण और धोखाधड़ी के आरोपों को लेकर लोगों ने मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर और हल्का पूर्वी विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला के समक्ष अपनी पीड़ा खुलकर रखी।
स्थानीय निवासी रमेश कपूर,पवन कुमार, राज कुमार, कुलदीप सिंह, कुलदीप चौधरी, अमन जैन, अमित जैन, सुरिंदर डावर ने बताया कि भाग्य होम कॉलोनी कुछ साल पहले बसाई गई थी, लेकिन आज तक यहां रहने वाले लोग पानी, सीवरेज, सड़क और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि कॉलोनाइजर ने कॉलोनी बनाते समय घटिया क्वालिटी का सीवरेज सिस्टम डलवाया, जिसके कारण आए दिन पाइप लाइनें चोक हो जाती हैं और सीवरेज का गंदा पानी पीने के पानी में मिल रहा है।

मेयर और विधायाक को भाग्य होम कॉलोनी के निवासी अपनी समस्याएं बताते हुए। -समर न्यूज

नगर निगम में शिकायत, जवाब मिला-कॉलोनी अवैध
मोहल्ले वालों ने बताया कि जब वे अपनी समस्याएं लेकर नगर निगम कार्यालय पहुंचे तो वहां अधिकारियों ने साफ कह दिया कि भाग्य होम कॉलोनी अवैध है, क्योंकि कॉलोनाइजर ने कॉलोनी को रेगुलर करवाने के लिए जरूरी फीस और दस्तावेज जमा नहीं कराए हैं। इसी कारण नगर निगम की ओर से कॉलोनी को कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जा रही। लोगों का कहना है कि नगर निगम की तरफ से नोटिस तो जारी किए जाते हैं, लेकिन आज तक कॉलोनाइजर पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई, जिसका खामियाजा आम निवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

कॉलोनाइजर पर धोखे से पैसे वसूलने के आरोप
प्रेस वार्ता में मोहल्ले वालों ने आरोप लगाया कि कॉलोनाइजर मनोहन कुमार (सोनू) ने कॉलोनी बेचते समय पार्ट-ए का नक्शा दिखाकर कॉलोनी को पूरी तरह पास बताया। लोगों को विश्वास दिलाया गया कि कॉलोनी रेगुलर है और जल्द ही सभी सुविधाएं मिलेंगी। हालांकि, जब लोगों ने बाद में नगर निगम में अपनी समस्याएं रखीं तो उन्हें पता चला कि कॉलोनी रेगुलर ही नहीं हुई है। आरोप है कि कॉलोनाइजर ने कॉलोनी पास करवाने के नाम पर करीब 270 घरों से 27 हजार से 50 हजार रुपए तक की रकम वसूल ली, लेकिन न तो कॉलोनी रेगुलर करवाई गई और न ही कोई सुविधा दी गई।

नई कॉलोनी काटने से बढ़ी परेशानी
मोहल्ले वालों का यह भी आरोप है कि भाग्य होम कॉलोनी के साथ ही कॉलोनाइजर ने विजय वल्लभ कॉलोनी काट दी है, जो भाग्य होम कॉलोनी से करीब 6 फुट ऊंची है। इस नई कॉलोनी का रास्ता और सीवरेज भाग्य होम कॉलोनी के अंदर से निकाला गया, जिससे भविष्य में जलभराव, सीवरेज ओवरफ्लो और अन्य गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं।
लोगों ने आशंका जताई कि बरसात के मौसम में ऊंची कॉलोनी का पानी भाग्य होम में भर जाएगा, जिससे हालात और बदतर हो जाएंगे।

मेयर और विधायक से सख्त कार्रवाई की मांग
प्रेस वार्ता के दौरान मोहल्ले वालों ने मेयर और विधायक से मांग की कि कॉलोनाइजर के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों ने कहा कि वे नियमित रूप से हाउस टैक्स और अन्य टैक्स अदा कर रहे हैं, लेकिन बदले में उन्हें शून्य सुविधाएं मिल रही हैं।
मोहल्ले वालों ने स्पष्ट कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे कॉलोनाइजर के खिलाफ पर्चा दर्ज करवाने के लिए भी तैयार हैं और इस लड़ाई में विधायक और मेयर का साथ चाहते हैं।

विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने कहा
इस मौके पर विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने कहा कि कॉलोनाइजर द्वारा दिए गए एफिडेविट के अनुसार उसे 5 साल तक कॉलोनी की मेंटेनेंस करनी थी। उन्होंने बताया कि कॉलोनी को लेकर सिर्फ 25 से 30 प्रतिशत फीस ही जमा करवाई गई है, जबकि बाकी सभी हिस्से अवैध हैं। विधायक ने कहा कि कॉलोनी में डाला गया सीवरेज सिस्टम पूरी तरह गलत तरीके से बनाया गया है। बिना पूरी फीस जमा हुए और कॉलोनी रेगुलर हुए कोई भी सरकारी सुविधा नहीं दी जा सकती। उन्होंने आश्वासन दिया कि कॉलोनाइजर को नोटिस जारी किया जाएगा और 3 से 4 महीनों के भीतर कानून के दायरे में रहकर समाधान निकाला जाएगा। साथ ही कॉलोनाइजर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर ने कहा
मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर ने कहा कि भाग्य होम कॉलोनी का पार्ट-ए पास है, लेकिन पार्ट-बी की सुविधाएं तभी मिलेंगी जब कॉलोनी को पूरी तरह कानूनी रूप से रेगुलर करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम कानून के दायरे में रहकर ही कॉलोनी को सभी सुविधाएं देगा।

कॉलोनाइजर ने आरोपों को किया ख़ारिज
इस पूरे मामले में जब कॉलोनाइजर मनमोहन कुमार उर्फ सोनू से संपर्क किया गया तो उन्होंने भाग्य होम कॉलोनी के निवासियों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से ख़ारिज किया। कॉलोनाइजर का कहना है कि उनके पास कॉलोनी से संबंधित सभी आवश्यक सर्टिफिकेट मौजूद हैं। उन्होंने दावा किया कि जब नगर निगम ने दूसरे मोहल्ले को रास्ता देने के लिए कॉलोनी की बाउंड्री वॉल तोड़ी थी, तब निगम अधिकारियों ने कहा था कि यह इलाका नगर निगम के अंतर्गत आता है। इसी आधार पर बाउंड्री वॉल तोड़ी गई थी, जिससे यह कॉलोनी निगम की मानी गई। मेंटेनेंस के सवाल पर कॉलोनाइजर ने कहा कि अब कॉलोनी को बने करीब 15 साल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी को और जानकारी चाहिए तो नगर निगम दफ्तर जाकर तथ्य पता कर सकता है।

दूसरी ओर हल्का उत्तरी में अवैध कॉलोनियों का काम धड़ल्ले से जारी

हल्का उत्तरी का पीरू बंदा मोहल्ला। -समर न्यूज

पीरू बंदा मोहल्ला–
हल्का उत्तरी के पीरू बंदा मोहल्ला में करीब 2700 गज में अवैध कॉलोनी काटी जा रही है, जो बायलॉज के मुताबिक पास ही नहीं हो सकती।
सूत्रों के अनुसार पूरी कॉलोनी की फीस जमा कराने की बजाय सिर्फ एक बिल्डिंग की फीस जमा करवाने की सलाह दी जा रही है।
नगर निगम ने दिखावे की कार्रवाई जरूर की, लेकिन राजनीतिक रसूख के चलते कुछ ही समय बाद निर्माण कार्य फिर से शुरू हो गया।

संधू नगर–

हल्का उत्तरी का संधू नगर। -समर न्यूज

संधू नगर इलाके में आमने-सामने दो अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। कॉलोनाइजरों ने नक्शों में सुविधाओं के सपने दिखाकर कई प्लॉट बेच दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये कॉलोनियां भविष्य में सीवरेज, जलभराव और सड़क जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बनेंगी। सबसे बड़ा नुकसान उन भोले-भाले लोगों का हो रहा है, जो अपनी जमा पूंजी लगाकर प्लॉट खरीद रहे हैं।

निजी अंग काटकर युवक को लावारिस छोड़ा

समर न्यूज़ | लुधियाना

तीन दिनों से लापता युवक के साथ अमानवीय वारदात सामने आई है। कुछ लोगों ने उसका निजी अंग काटकर उसे लावारिस हालत में छोड़ दिया, जिसके बाद राहगीरों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की पहचान मनप्रीत (30) के रूप में हुई है, जो ख्वाजा कोठी डेरे में रसोईए का काम करता था। परिवार के अनुसार वह 24 जनवरी से गायब था और काफी तलाश के बाद सिविल अस्पताल से फोन आने पर उसकी जानकारी मिली। गंभीर हालत के कारण उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बयान दर्ज किए हैं और मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस जांच कर रही है।

सरपंच मनपिंदर ने जहर खाकर की आत्महत्या

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना के थाना जोधा के अंतर्गत गांव रत्ना में सरपंच और पेशे से प्रतिष्ठित वकील मनपिंदर सिंह ने जहरीली वस्तु निगलकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद पूरे गांव और वकीलों में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, मनपिंदर सिंह पिछले काफी समय से गंभीर मानसिक तनाव से गुजर रहे थे। बताया जा रहा है कि उनका अपने परिवार के साथ पिछले कई सालों से मनमुटाव चल रहा था। घर में चल रही रोज-रोज की कलह और विवाद से वे अंदरूनी तौर पर काफी टूट चुके थे। इसी मानसिक परेशानी के चलते उन्होंने कल यह खौफनाक कदम उठाया और

कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। जैसे ही परिजनों को घटना का पता चला, उन्हें तुरंत गंभीर हालत में लुधियाना के डीएमसी अस्पताल ले जाया गया। हालांकि उनकी स्थिति इतनी नाजुक थी कि उन्होंने अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना जोधा की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

डा. अंबेडकर यूथ सेना ने नगर निगम से बकाया वेतन और पेंशन शुरू करने की मांग की

बकाया राशि व पेंशन को लेकर सौंपा मांगपत्र

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

डा. अंबेडकर यूथ सेना पंजाब की ओर से नगर निगम से सेवामुक्त कर्मचारियों की बकाया राशि और पेंशन शुरू करवाने की मांग को लेकर मेयर इंदरजीत कौर को मांगपत्र सौंपा गया। इसके साथ ही नगर निगम कर्मचारियों की गुम हुई सर्विस बुक दोबारा तैयार करवाने की भी मांग की गई।
यह मांगपत्र सेना के प्रधान राजकुमार हैप्पी, उप प्रधान अशवनी कुमार मकखन, महासचिव पप्पू खान और सुनील भारद्वाज द्वारा सौंपा गया।
इस मौके पर प्रधान राजकुमार हैप्पी ने बताया कि नगर निगम कर्मचारियों

मांग पत्र सौंपते हुए -समर न्यूज़

को सेवामुक्त हुए करीब दो-दो साल हो चुके हैं, लेकिन अभी तक न तो उनकी बकाया राशि का भुगतान किया गया है और न ही उनकी पेंशन शुरू की गई है।
कर्मचारियों को लगातार दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, जिससे उनमें भारी रोष है। उन्होंने कहा कि आम जनता चाहती है कि आम आदमी पार्टी की सरकार दोबारा सत्ता में आए, लेकिन कुछ अधिकारी कर्मचारियों को परेशान कर रहे हैं। इससे सरकार के प्रति लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। राजकुमार हैप्पी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नगर निगम कर्मचारियों की बनती बकाया राशि एक महीने के भीतर जारी नहीं की गई, तो डा. अंबेडकर यूथ सेना को मजबूरन रोष प्रदर्शन करना पड़ेगा।

नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी, एक गिरफ्तार

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

नशे के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत थाना लादोवाल पुलिस ने एक नशेड़ी को काबू किया है। यह कार्रवाई थाना लादोवाल के अधीन आते इलाके बुढा दरिया खैरा बेट से गांव बुर्जलामरा को जाने वाले रास्ते पर की गई।
पुलिस ने सड़क किनारे बैठकर नशा करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक लाइटर, 10 रुपए का नोट और नशे की पनी बरामद हुई। आरोपी की पहचान करम सिंह पुत्र हरमीत सिंह, निवासी राजापुर, लुधियाना के रूप में हुई है। जांच अधिकारी हरदीप

सिंह ने बताया कि आरोपी नशा करने का आदी है।
पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।
थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर गुरशिंदर कौर ने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी और किसी भी नशा तस्कर या नशेड़ी को बख्शा नहीं जाएगा।

जगराओं में दोस्त की पत्नी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

समर न्यूज़ | जगराओं

जगराओं इलाके में दोस्ती के रिश्ते को शर्मसार करने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक शादीशुदा व्यक्ति ने अपने ही दोस्त की पत्नी से दुष्कर्म किया और शादी का झांसा देकर लंबे समय तक उसका शोषण करता रहा। जब पीड़िता ने उससे शादी की बात कही तो आरोपी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकियां दीं। महिला की शिकायत पर थाना सिधवां बेट पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एएसआई गुरमीत सिंह के अनुसार, पीड़िता की शादी वर्ष 2023 में हुई थी। आरोपी गुरविंदर सिंह उर्फ सोनू, महिला के पति का करीबी दोस्त था और इसी नजदीकी का फायदा उठाकर वह अक्सर उनके घर आता-जाता था। इसी दौरान उसने महिला से बातचीत बढ़ाई और धीरे-धीरे उसे उसके पति के खिलाफ भड़काने लगा। आरोपी ने खुद को जल्द तलाक लेने वाला बताकर शादी का वादा किया और फोन कॉल व लगातार बातचीत के जरिए उसका भरोसा जीत लिया। पीड़िता ने बताया कि इसी भरोसे की आड़ में आरोपी ने महीनों तक उससे जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब उसने शादी को लेकर दबाव बनाया तो आरोपी पलट गया, मारपीट की और धमकियां दीं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

नाबालिग को शादी का झांसा देकर आरोपी फरार

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के थाना लडोवाल क्षेत्र के गांव फतेहपुर गुजरा से एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर फरार किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में लड़की के पिता के बयान पर आरोपी कृष्ण प्रसाद निवासी विहार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी लखविंदर सिंह ने बताया कि दुर्गा बीते दिनों सुबह करीब 9:30 बजे स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बाद पता चला कि आरोपी उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया है। पुलिस छापेमारी कर रही है।

डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने संभाली नगर निगम लुधियाना की कमान

लुधियाना को स्वच्छ और हरित बनाने पर होगा फोकस, विकास कार्यों में तेजी और सुगम जनसेवाएं होंगी प्राथमिकता

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

2016 बैच की आईएएस अधिकारी डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने नगर निगम लुधियाना के कमिश्नर पद का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने निगम जोन-डी कार्यालय, सराभा नगर में पदभार ग्रहण किया।
कार्यभार संभालने के बाद डॉ. गुप्ता ने मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर से शिष्टाचार भेंट की। इसके बाद नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर चल रही परियोजनाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा

डॉ. नीरू कत्याल को सलामी देते हुए पुलिस के जवान। -समर न्यूज़

की। नगर निगम पहुंचने पर जॉइंट कमिश्नर विनीत कुमार, जॉइंट कमिश्नर अभिषेक शर्मा, अस्सिटेंट कमिश्नर नीरज जैन, गुरपाल सिंह, जसदेव सेखों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पंजाब पुलिस की टुकड़ी द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।
डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और स्थानीय निकाय मंत्री संजीव अरोड़ा के मार्गदर्शन में शहर के समग्र विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में तेजी लाना, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना और नागरिकों को बेहतर व परेशानी-मुक्त सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे नगर निगम का सहयोग करते हुए लुधियाना को स्वच्छ और हरित बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।
इस अवसर पर नगर निगम कर्मचारी यूनियन म्युनिसिपल एम्प्लॉयीज़ संघर्ष कमेटी के चेयरमैन अश्वनी सहोता के नेतृत्व में कर्मचारियों ने भी नवनियुक्त आयुक्त का स्वागत किया।

प्रदर्शन

20-25 साल से एक ही सीट पर जमे अधिकारी, व्यवस्था पर उठे सवाल

सीडीसी खत्म करने की मांग को लेकर नगर निगम जोन-बी के बाहर लोगों का धरना

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

नगर निगम में करंट ड्यूटी चार्ज (सीडीसी) वापस न लेने, शहर की बदहाल सड़कों और वर्षों से एक ही सीट पर जमे अधिकारियों के खिलाफ शुक्रवार को शिंगार सिनेमा रोड स्थित नगर निगम जोन-बी के बाहर रोष प्रदर्शन किया गया। यह धरना समाजसेवी कुमार गौरव के नेतृत्व में दिया गया।
कुमार गौरव ने आरोप लगाया कि नगर निगम के अधिकारी लोकल बॉडी विभाग द्वारा जारी आदेशों को भी नहीं मान रहे हैं और अपने ही नियम चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले महीने लोकल बॉडी विभाग की ओर से सीडीसी (करंट ड्यूटी चार्ज) समाप्त करने का पत्र जारी किया गया था, लेकिन अधिकारियों ने उसे लागू ही नहीं किया।
गौरव ने कहा कि सीडीसी के नाम पर ड्राफ्टमैन, बेलदार, सेवादार और क्लर्क जैसे पदों पर काम करने वाले कर्मचारी आज इंस्पेक्टर, एसडीओ, एक्सईएन, एटीपी और एमटीपी जैसी अहम सीटों पर बैठे हुए हैं। वहीं, जो कर्मचारी मेहनत और ईमानदारी से योग्य बनकर इन पदों तक पहुंचे, उन्हें एक कोने में कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो अधिकारी और कर्मचारी नेताओं व अफसरों की चापलूसी करते हैं, उन्हें ऊंचे पदों पर बैठा दिया जाता है।
समाजसेवी ने कहा कि इसी

व्यवस्था का नतीजा है कि आज शहर की हालत बदतर हो चुकी है। एक ही बरसात में नगर निगम की सड़कें टूट गईं और कई जगह धंसने लगीं, जिससे लोग घायल तक हो चुके हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मौसम बदलने और बरसात का अलर्ट पहले से जारी था, तो नहरी पानी सप्लाई योजना के तहत जहां-जहां सड़कें खोदी गईं, उन्हें समय रहते पक्का क्यों नहीं किया गया।
कुमार गौरव ने कहा कि विकास कार्यों में खर्च होने वाला पैसा नगर निगम का नहीं, बल्कि आम जनता का है, जो अलग-अलग टैक्सों के रूप में वसूला जाता है। इसके बावजूद लापरवाही और भ्रष्टाचार खुलेआम हो रहा है।
उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई अधिकारी पिछले 20-25 वर्षों से एक ही सीट पर जमे हुए हैं। कुछ अधिकारी लुधियाना में जेई के रूप में भर्ती हुए थे और आज बड़े पदों पर बैठे हैं। उन पर करोड़ों रुपए के घोटालों के आरोप लगे, लेकिन आज तक उन्हें उनकी सीट से हटाया नहीं जा सका। गौरव का कहना है कि इन अधिकारियों ने न केवल खुद फायदा उठाया, बल्कि रिश्तेदारों और परिचितों को टेंडर दिलवाकर उनकी जेबें भी भरीं।
गौरव ने कहा कि जब भी कार्रवाई की बारी आती है, तो नगर निगम कमिश्नर का तबादला कर दिया जाता है, जबकि वर्षों से जमे अधिकारी अपनी जगह बने रहते हैं। उन्होंने लोकल बॉडी मंत्री से अपील की कि नगर निगम को अंदर से खोखला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और घोटाले करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

कार में घुसा कोबरा, रेस्क्यू के बाद सुरक्षित निकाला

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

खन्ना के समराला रोड स्थित पंजाबी बाग कॉलोनी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक घर में खड़ी कार के अंदर जहरीला कोबरा सांप घुस गया।
जैसे ही परिवार को इसकी जानकारी मिली, डर के मारे सभी घर से बाहर निकल आए और आसपास के लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की जानकारी देते हुए रिटायर्ड साइंस टीचर राजिंदर सिंह ने बताया कि वह सुबह अपने पोते-पोतियों को छोड़कर लौटे थे और कार को घर के अंदर पार्क किया था। कुछ देर बाद उन्हें कार के भीतर हलचल महसूस हुई। ध्यान से देखने पर उन्हें अंदर एक जहरीला कोबरा नजर आया। पहले उन्होंने खुद सांप को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहने पर तुरंत रेस्क्यू टीम को सूचना दी। रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और लोगों की सुरक्षा को देखते हुए कार को वॉशिंग सेंटर ले जाया गया। वहां वाहन को जैक से उठाकर पूरी तरह जांच की गई। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने कोबरा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और बाद में उसे जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया। घटना के दौरान परिवार और मोहल्ले के लोग काफी सहम गए थे। सांप के बाहर निकलने के बाद सभी ने राहत की सांस ली।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 144